दिन—मंगलवार

दिनांक— 03 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से।

अवधि— 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने चार हजार आठ सौ अट्ठावन नये पदों पर नियुक्ति का किया फैसला। सबसे अधिक शिक्षा विभाग में एक हजार पांच सौ तीन पदों पर होगी बहाली।

02. मुजफ्फरपुर में एक दुष्कर्म पीड़िता की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने एसकेएमसीएच की अधीक्षक डॉ. कुमारी विभा को निलंबित किया। पीएमसीएच के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. अभिजीत सिंह पद से हटाए गए।

03. आतंकवाद के खिलाफ भारत के कूटनीतिक प्रयासों के तहत जदयू सांसद संजय झा के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल पांच देशों की यात्रा के बाद आज भारत लौटेगा।

04. और, मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की। कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया जिले में तेज हवा चलने की संभावना।

---

प्रदेश में चार हजार आठ सौ अट्ठावन नये पदों पर नियुक्ति होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि इसमें सबसे अधिक शिक्षा विभाग में एक हजार पांच सौ तीन पद हैं। इसमें सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी के नौ सौ पैंतीस और शिक्षा विकास पदाधिकारी के पांच सौ अड़सठ पद शामिल हैं। इसके अलावा कृषि, ग्रामीण विकास, समाज कल्याण और लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग समेत कई अन्य विभागों में भी नियुक्ति की जाएगी।

———बाइट———

डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि राज्य में विमानन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एविएशन टर्बाईन फ्यूल पर वैट की दरों को घटाने के प्रस्ताव को भी कैबिनेट ने स्वीकृति प्रदान की। इससे विमान किराए में कमी आएगी।

———बाइट———

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि कैबिनेट ने बक्सर और सासाराम में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों के निर्माण के लिए राशि आवंटित की है। इसके अलावा आरा, सीवान और सासाराम में जलापूर्ति योजनाओं के लिए भी राशि को मंजूरी दी गई। डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि कैबिनेट ने पटना के तत्कालीन ड्रग इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार और जमुई के तत्तकालीन अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी जटा शंकर पांडेय को सेवा से बर्खास्त करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी।

---

मुजफ्फरपुर में एक दुष्कर्म पीड़िता की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल की अधीक्षक डॉक्टर कुमारी विभा को निलंबित कर दिया है। इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि अधीक्षक ने रेफर पॉलिसी का सही ढंग से अनुपालन नहीं किया। वहीं, विभाग ने पीएमसीएच के प्रभारी उपाधीक्षक डॉक्टर अभिजीत सिंह को भी कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में पद से हटा दिया है। गौरतलब है कि इस मामले राष्ट्रीय महिला आयोग और मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को जवाब तलब किया है।

इस बीच, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि पूरे मामले की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। मामले में जो भी दोषी पाये जायेंगे, उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

———बाइट———

---

पटना स्थित जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नये टर्मिनल की आज से औपचारिक शुरूआत हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनतीस मई को इस टर्मिनल का उद्घाटन किया था। नये टर्मिनल की शुरूआत होने पर यात्रियों ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि उन्हें अब पटना में अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध हो गयी हैं।

———बाइट———

हवाई अड्डा प्रशासन ने नये टर्मिनल में प्रवेश करने और रास्ते में हुए बदलाव को लेकर यात्रियों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदान के दिन मतदान प्रतिशत की सटीक जानकारी देने के लिए नई तकनीक आधारित प्रणाली की शुरूआत की जाएगी। आयोग ने एक विज्ञप्ति में कहा कि नयी तकनीक के माध्यम से अनुमानित मतदान प्रतिशत की जानकारी समय पर साझा की जा सकेगी।

---

आतंकवाद के खिलाफ भारत के कूटनीतिक प्रयासों के तहत कई सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विश्व के कई देशों का दौरा कर रहे हैं। जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने इंडोनेशिया, मलेशिया, कोरिया गणराज्य, जपान और सिंगापुर का दौरा किया। यह दल आज शाम भारत लौटेगा। इससे पहले कुआलालंपुर में पत्रकारों से बातचीत में जदयू सांसद श्री झा ने कहा कि सभी देशों ने आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेन्स की भारत की नीति का समर्थन किया है और ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की है।

———बाइट———

इस बीच, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाला दल इंग्लैंड के दौरे पर है। श्री प्रसाद ने कहा कि इंग्लैंड ने भी आतंकवाद के प्रति गहरी चिंता जताई है।

———बाइट———

---

आईपीएल क्रिकेट में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच फाईनल मुकाबला खेला जा रहा है। पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। दोनों टीम अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने के लिए मैदान पर उतरी हैं और दोनों ही टीमों ने किसी प्रकार बदलाव नहीं किया है। यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। ताजा जानकारी के अनुसार आरसीबी ने एक ओवर तीन गेंद पर अठारह रन बना लिए हैं।

---

जमुई रेलवे स्टेशन पर पटना–जसीडीह मेमू ट्रेन में आज अचानक आग लग गई। ट्रेन के दो कोच के बीच कनेक्शन तार में आग लगने से अफरा–तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी। अग्निशमन दस्ते की मदद से आग पर काबू पाया गया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

---

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश, मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। विभाग ने कहा है कि कल राज्य के पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर अच्छी बारिश हो सकती है। कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया जिले में झोंके के साथ तेज हवा चलने की संभावना है। हवा की गति पचास से साठ किलोमीटर प्रतिघंटे तक रह सकती है।

———बाइट———

इधर, सीवान जिले में कल देर रात तेज हवा और बारिश से जुड़ी अलग–अलग घटनाओं में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई।

---

आज विश्व साइकिल दिवस है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने आज ही के दिन वर्ष दो हजार अठारह में साइकिल दिवस मानने की घोषणा की थी। साइकिल के लाभ, स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि साईकिल रैली के माध्यम से लोगों को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

---

प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। बक्सर जिले के कोरान सराय थाना क्षेत्र स्थित नहर पुल के पास एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी। वहीं, पटना के अथमलगोला थाना क्षेत्र के चंदा गांव के पास एक मोटरसाईकिल के अनियंत्रित होकर डिवाईडर से टकरा जाने के कारण दो युवकों की मौत हो गई। दूसरी तरफ, औरंगाबाद जिले के ओबरा थाना क्षेत्र के पुनपुन नदी पुल के पास एक पिकअप वैन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई।

---

गयाजी में लूट की योजना बना रहे तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार भी बरामद किये गये हैं।

---

पटना के जक्कनपुर थाना स्थित एक होटल में पुलिस ने छापेमारी कर शराब पार्टी करने के आरोप में पंद्रह लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

पश्चिमी चंपारण जिले के लौकरिया थाना क्षेत्र से पुलिस और एसटीएफ की टीम ने कुख्यात महिला नक्सली सोनम को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली पर कई मामले दर्ज हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. राज्य सरकार ने चार हजार आठ सौ अट्ठावन नये पदों पर नियुक्ति का किया फैसला। सबसे अधिक शिक्षा विभाग में एक हजार पांच सौ तीन पदों पर होगी बहाली।

02. मुजफ्फरपुर में एक दुष्कर्म पीड़िता की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने एसकेएमसीएच की अधीक्षक डॉ. कुमारी विभा को निलंबित किया। पीएमसीएच के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. अभिजीत सिंह पद से हटाए गए।

03. आतंकवाद के खिलाफ भारत के कूटनीतिक प्रयासों के तहत जदयू सांसद संजय झा के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल पांच देशों की यात्रा के बाद आज भारत लौटेगा।

04. और, मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की। कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया जिले में तेज हवा चलने की संभावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।